दिनांक 28 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आवश्यक कार्य से आने वाले कर्मचारियों एवं लोगों का निगम मुख्यालय में थर्मल स्क्रीनिंग उपरांत ही प्रवेश

भिलाई नगर/ नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में अत्यावश्यक सेवा के कार्यों में लगे हुए अधिकारी/कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग के उपरांत ही प्रवेश दिया जा रहा है! निगम मुख्यालय में स्वच्छता से संबंधित , पेयजल से संबंधित , खाद्य सामग्री से संबंधित एवं कुछ जरूरी कार्यों में लगे अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा पाली-पाली में काम किया जा रहा है ! प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी तैनात है जो निगम मुख्य कार्यालय में आने वाले नागरिक एवं अधिकारी/कर्मचारियों की थर्मल स्क्रीनिंग कर रहे है! निगम के सुरक्षाकर्मी अति आवश्यक कार्य से आने वाले लोगों को ही प्रवेश दे रहे हैं और उनकी भी थर्मल स्क्रीनिंग कर रहे हैं! शहर में अत्यावश्यक सेवा के लिए निगम के कर्मचारी मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं, तथा मुख्य कार्यालय सहित जोन के अधिकारी/कर्मचारी लॉक डाउन में अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन कर रहे है! जहां पर भी कर्मचारी बैठकर कार्य कर रहे हैं उन स्थलों को सैनिटाइजिंग किया जा रहा है! कार्यालयों के खिड़की, दरवाजे, टेबल, कुर्सी में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव किया जा रहा है एवं जरूरी कार्य से कार्यालय आने के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा सोशल डिस्टेंस का मेंटेन करते हुए मास्क का भी उपयोग किया जा रहा है!

जनसंपर्क अधिकारी